**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 07.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **सीआरपीएफ डीजी ने चाईबासा में की नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा, इसी माह राज्य को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य।**

2. **धनबाद में सीबीआई ने रिश्वतखोरी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रेलवे के वरीय अभियंता को किया गिरफ्तार।**

3. **विधानसभा अध्यक्ष ने जामताड़ा में करोड़ों की सड़क योजनाओं का किया शिलान्यास; रांची और दुमका को जल्द मिलेगी अत्याधुनिक लाइब्रेरी और तारामंडल की सुविधा।**

4. **सिमडेगा से छत्तीसगढ़ जा रही बस जशपुर में पलटी, हादसे में 5 यात्रियों की मौत, कई घायल।**

5. **इंडोनेशिया में आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची के यश सिन्हा का शानदार प्रदर्शन, गोल्ड मेडल पर जमाया कब्जा।**

***********************

सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियानों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने मार्च 2026 तक झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने के लक्ष्य पर जोर दिया। सुरक्षा बलों को दुर्गम क्षेत्रों में अभियान तेज करने और बेहतर समन्वय के विशेष निर्देश दिए गए हैं।

***********************

कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक संवेदक के बकाया बिल भुगतान के बदले यह राशि मांगी गई थी। सीबीआई ने आरोपी के आवास और कार्यालय से महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

***********************

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने जामताड़ा के नाला प्रखंड में एक करोड़ चार लाख रुपये की लागत वाली सात सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों से व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जल्द ही आईटीआई और मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र खोलने की भी घोषणा की।

***********************

राजधानी रांची में 64 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य और अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस इस लाइब्रेरी में हजारों किताबों के साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध होंगे, जिससे शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को नई गति मिलेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुणवत्ता पर जोर देते हुए इसे रांची के छात्रों के लिए अपना एक ड्रीम प्रोजेक्ट बताया।

***********************

उपराजधानी दुमका को जल्द ही राज्य के सबसे आधुनिक डिजिटल तारामंडल की सौगात मिलेगी। पॉलिटेक्निक परिसर में निर्मित इस प्लैनेटेरियम में जापानी तकनीक के उपकरण लगाए जा रहे हैं। 150 सीटों की क्षमता वाले इस केंद्र में लोग अंतरिक्ष के रहस्यों को करीब से देख सकेंगे। जिला प्रशासन इसे जल्द शुरू करने की तैयारी में है।

***********************

रांची जिले की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत फरवरी माह की राशि जारी कर दी गई है। जिले की लगभग 3 लाख 87 हजार महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से ढाई–ढाई हजार रुपये भेज दिए गए हैं। प्रशासन ने कुल 96 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया है।

***********************

राज्य सरकार ने देवघर में नए केंद्रीय कारा के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसके लिए करीब पौने दस करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। 23 एकड़ से अधिक भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और रैयतों को मुआवजे का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज एक दिन के दौरे पर पश्चिम बंगाल जायेंगी। इस दौरान वे दार्जलिंग में अंतर्राष्ट्रीय संथाल परिषद की नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होंगी।

**********************

नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद 2026 के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने श्रीलंका, भूटान और मॉरीशस सहित कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा, डिजिटल सहयोग और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। डॉ. जयशंकर ने भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत आपसी भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**********************

सिमडेगा से छत्तीसगढ़ जा रही एक यात्री बस के जशपुर में पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण बस अनियंत्रित होकर एक मकान से जा टकराई। प्रशासन ने घायलों को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा है और बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है।

**********************

धनबाद पुलिस ने 141 करोड़ रुपये के गबन मामले में आरोपी राखी अग्रवाल को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक निजी कंपनी द्वारा दर्ज इस मामले में आरोपी महिला कंपनी की एक्टिव डायरेक्टर थी। पुलिस अब इस धोखाधड़ी में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**********************

धनबाद के धनसार में होली विवाद के दौरान फायरिंग में दो युवक घायल हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

**********************

आज 8वां जनऔषधि दिवस है। इसे पूरे राज्य में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जेनेरिक दवाओं के लाभ पहुंचाने और जागरूकता फैलाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में पदयात्रा और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है।

**********************

राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने आज से राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विशेषकर दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी जिलों में बादल छाए रहने और वज्रपात की आशंका जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

**********************

रांची के यश कुमार सिन्हा ने इंडोनेशिया के बाली में आयोजित डब्ल्यूकेए एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया है। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कनाडा, अमेरिका, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपनी शानदार तकनीक और दमखम के बल पर यश ने फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।

**********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने यूपीएससी परिणाम जारी होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– सीमित संसाधन, बड़ा मुकामः पोस्टमास्टर–टेलर मास्टर की बेटियां बनीं अफसर।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– जल संरक्षण को स्कूलों में बनेगा यंग वाटर ब्रिगेड।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– राज्य में इस माह एसआईआर हो सकता है शुरु, निर्देश जारी।
**दैनिक जागरण** लिखता है– मतांतरण मामले में रांची सेंट्रल जेल से संदिग्ध आतंकी अयान को लाई आगरा पुलिस।

****************************